तुरंत रिलीज के लिए

# सिटी ऑफ ब्रैम्पटन ने 2021 में सामुदायिक सुरक्षा को बढ़ाने के लिए ग्रांट फंडिंग में 150,000 डॉलर प्रदान किए

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (28 अक्तूबर, 2020) – ब्रैम्पटन सिटी काउंसिल (Brampton City Council) ने, एडवांस ब्रैम्पटन फंड – 2021 प्रोग्राम फ्रेमवर्क (Advance Brampton Fund – 2021 Program Framework) को मंज़ूरी दी, जिसमें हमारे समुदाय में गैर-लाभ और चेरिटेबल संगठनों के नेतृत्व में किए जाने वाले सामुदायिक सुरक्षा (Community Safety) और स्वास्थ्य संबंधी प्रोजेक्टों में मदद करने के लिए, 150,000 डॉलर की ग्रांट फंडिंग शामिल है।

एडवांस ब्रैम्पटन फंड के अधीन कम्युनिटी सेफ्टी फंडिंग के लिए मंज़ूर किए प्रोजेक्टों को, काउंसिल द्वारा ग्रहण किए सामुदायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य फ्रेमवर्क (Community Safety and Well-Being framework) में दिए दखल के चार स्तरों में से कम से कम एक स्तर के मुताबिक संचालित करने की जरूरत होगी। इनमें शामिल हैं:

- **सामाजिक विकास** – सामुदायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य में वृद्धि करना और इसे कायम रखना
- **रोकथाम** – अग्रसक्रिय होकर पहचाने गए जोखिमों को कम करना
- **जोखिम संबंधी दखल** – बढ़े हुए जोखिम की स्थितियों को दूर करना
- **घटना के लिए प्रतिक्रिया** – गंभीर और गैर-गंभीर घटना के लिए प्रतिक्रिया

टर्म ऑफ काउंसिल (Term of Council) प्रायरिटी कि ब्रैम्पटन एक स्वस्थ और सुरक्षित शहर है, के अधीन सामुदायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य की पहचान, एडवांस ब्रैम्पटन फंड के अंदर एक उभरती जरूरत के तौर पर की गई थी।

2021 के एडवांस ब्रैम्पटन फंड के लिए आवेदनों की शुरुआत दिसम्बर 2020 में होगी, क्योंकि 2021 के सालाना संचालन बजट के लिए काउंसिल की मंज़ूरी विचाराधीन है।

**पृष्ठभूमि**

एडवांस ब्रैम्पटन फंड, ऐसे प्रोजेक्टों को शुरू, विकसित और उनका विस्तार करने में, ब्रैम्पटन के गैर-लाभ और चेरिटेबल संगठनों की मदद करता है, जो टर्म ऑफ काउंसिल की प्रायरिटीज की हिमायत करते हैं। ग्रांट देने वालों को सलाह दी जाती है कि वे मेल खाते फंडों के साथ, प्रोजेक्ट स्थिरता और मज़बूत क्षमता की ओर आगे बढ़ें, ताकि लोकर गैर-लाभ सेक्टर और ब्रैम्पटन के समुदाय के अंदर साझेदारी, सहयोग किया जा सके और अच्छी तरह संचालि और अर्थपूर्ण काम का नेतृत्व किया जा सके।

2021 के एडवांस ब्रैम्पटन फंड में तीन फंडिंग स्ट्रीम्स शामिल होंगी: एमर्जिंग प्रोजेक्ट्स स्ट्रीम (Emerging Projects Stream), डिवेलपिंग प्रोजेक्ट्स स्ट्रीम (Developing Projects Stream) और एम्प्लिफाइंग प्रोजेक्ट्स स्ट्रीम (Amplifying Projects Stream)।

ग्रांट्स और फंडिंग संबंधी अवसरों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, यहां क्लिक करें (click here)।

**हवाले**

“सामुदायिक सुरक्षा और ब्रैम्पटन को स्वस्थ और सुरक्षित शहर बनाने में योगदान देना, इस काउंसिल की सबसे बड़ी प्राथमिकता है। हम ऐसे प्रोजेक्टों का नेतृत्व करने के लिए गैर-लाभ सेक्टर के साथ मिलकर काम कर रहे हैं, जो 2021 के एडवांस ब्रैम्पटन फंड द्वारा, सामुदायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य में वृद्धि करेंगे और इसे कायम रखेंगे। हमारा शहर, इस नई फंडिंग से अन्य म्युनिसिपल्टीज के लिए एक बड़ी मिसाल कायम करते हुए, सुरक्षा पहलकदमियों में परिवर्तन करने वाला बन गया है।”

- *पैट्रिक ब्राउन* (Patrick Brown), *मेयर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“2021 के एडवांस ब्रैम्पटन फंड में नई सामुदायिक सुरक्षा संबंधी फंडिंग, यह सुनिश्चित करने के हमारे काम में हमारी मदद करेगी कि ब्रैम्पटन एक सुरक्षित शहर है। यह हमारे समुदाय में उन संगठनों के लिए प्रेरणा है, जो सामुदायिक सुरक्षा संबंधी जोखिमों को कम करने, सुरक्षा और स्वास्थ्य में वृद्धि करने और घटना के लिए प्रतिक्रिया प्रदान करने, अपने प्रोजेक्टों को कार्यान्वित करने के लिए आगे आने और फंड्स के लिए आवेदन करने और हमारे समुदाय को रहने के लिए और भी बेहतर जगह बनाने में मदद कर सकते हैं।”

- *शार्मेन विलियम्स* (Charmaine Williams), *सिटी काउंसलर, वार्ड्स 7 और 8, चेयर, कम्युनिटी सेफ्टी एडवाइज़री कमेटी, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“2021 के एडवांस ब्रैम्पटन फंड का, सामुदायिक सुरक्षा के लिए मज़बूत फ्रेमवर्क और प्रतिबद्धता है। सामुदायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य संबंधी फंडिंग की जरूरत उभरी और हमने इसे पूरा किया। मैं गैर-लाभ और चेरिटेबल संगठनों के लीडरों को सलाह देता हूं कि वे प्रोजेक्टों के लिए योजनाएं बनाएं और आवेदन करें। इकट्ठे मिलकर, हम हमारे समुदाय को स्वस्थ और सुरक्षित रख सकते हैं।”

- *पॉल विसेंट* (Paul Vicente), *रीजनल काउंसलर, वार्ड्स 1 और 5, वाइस-चेयर, इकोनॉमिक डेवलेपमेंट एंड कल्चर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“सिटी का स्टाफ, ऐसे प्रोजेक्टों के लिए फंडिंग प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, जो सामुदायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य में वृद्धि करने, हमारे निवासियों, कारोबारियों और अन्य लोकल स्टेकहोल्डर्स के लिए जीवन क्वालिटी में सुधार करें। हम हमारे समुदाय की सुरक्षा को सबसे ऊपर रखते हुए, आगे बढ़ना जारी रखने के लिए विभागों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।”

- *डेविड बैरिक* (David Barrick), *चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

-30-

**कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 650,000 लोगों और 70,000 कारोबारियों का घर है।** हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ Twitter, Facebook, और Instagram पर जुड़ें। www.brampton.ca पर और जानें।

Media Release

**मीडिया संपर्क**
मोनिका दुग्गल (Monika Duggal)
कोआर्डिनेटर, मीडिया एंड कम्युनिटी एन्गेजमेंट
स्ट्रैटजिक कम्युनिकेशन
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन
905-874-3426 | Monika.Duggal@brampton.ca